सं. जेड-14014/2/2024-जीसी एण्ड पार्लि.(ई-3013743)

भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

(भूमि संसाधन विभाग)

एनबीओ बिल्डिंग, निर्माण भवन,

नई दिल्ली-110011,

दिनांक: 13.08.2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: जुलाई, 2024 माह के दौरान भूमि संसाधन विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मासिक सार के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को **जुलाई, 2024** माह के लिए भूमि संसाधन विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों के मासिक सार के अवर्गीकृत भाग की एक प्रति इस पत्र के साथ संलग्न करने का निदेश हुआ है।

**संलग्नकः यथोक्त।**

**(अर्जुन राणा)**

अवर सचिव, भारत सरकार

दूरभाष: 011-23044653

**सेवा में**,

मंत्री परिषद के सभी माननीय सदस्य।

**प्रतिलिपि प्रेषित:-**

1. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
2. तकनीकी निदेशक, (एनआईसी), भूमि संसाधन विभाग, को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

**प्रतिलिपि सूचनार्थः**

1. माननीय ग्रामीण विकास मंत्री के निजी सचिव।
2. माननीय राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास) के निजी सचिव।
3. माननीय राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास तथा संचार) के निजी सचिव।

**भूमि संसाधन विभाग द्वारा माह जुलाई, 2024 के दौरान किए गए महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मासिक सार**

1. भूमि संसाधन विभाग ने सचिव (भूमि संसाधन) की अध्यक्षता में दिनांक 18 जुलाई से 19 जुलाई, 2024 तक वाईएएसएचएडीए, पुणे में 'भारत में रजिस्ट्रीकरण प्रणाली' पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस सम्मेलन में देश में मानक रजिस्ट्रीकरण प्रणाली प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रणालियों की राज्य-वार स्थिति, सर्वोत्तम प्रथाओं, चुनौतियों और भविष्य की घटना क्रम की समीक्षा की गई। इस सम्मेलन में 31 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पंजीयन महानिरीक्षक और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस बात पर सहमति थी कि रजिस्ट्रीकरण के लिए उप रजिस्ट्रार कार्यालयों में अगला लक्ष्य कागज रहित और पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होनी चाहिए।

2. सचिव (भूमि संसाधन) ने डीआईएलआरएमपी के तहत प्राप्त की गई भौतिक और वित्तीय प्रगति की समीक्षा के लिए दिनांक 03 जुलाई से 08 जुलाई 2024 तक राजस्थान, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, असम, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों के प्रधान सचिवों (राजस्व)/आयुक्तों के साथ कई बैठकें कीं। इन बैठकों में राज्यों की भावी योजना, अधिकारों के अभिलेख (आरओआर) के अनुरूप भूकर मानचित्रों के अद्यतन (उप-प्रभाग) की गुणवत्ता और स्थिति आदि पर भी चर्चा की गई। विभाग ने डीआईएलआरएमपी के विभिन्न घटकों की दरों के संशोधन संबंधी प्रस्तावों पर विचार-विमर्श करने के लिए 16 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और भारतीय सर्वेक्षण के साथ दिनांक 16 जुलाई तथा 23 जुलाई, 2024 को समीक्षा बैठकें कीं।

3. सचिव (भूमि संसाधन) ने वाटरशेड विकास योजना डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के कार्यान्वयन पर दिनांक 25 जुलाई तथा 29 जुलाई, 2024 को चयनित राज्यों नामतः तेलंगाना, मराहराष्ट्र और गुजरात के साथ समीक्षा बैठकें कीं। विभाग ने दिनांक 11 जुलाई, 2024 को असम, आंध्र प्रदेश, नागालैंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड और राजस्थान राज्यों के साथ डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई के तहत सृजित की गई संपत्तियों/संरचनाओं के परियोजना-पश्च के रखरखाव पर समीक्षा बैठकें की। इस माह के दौरान डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई पर व्यय की स्थिति, बागवानी कार्यकलापों के कार्यान्वयन, डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत समामेलन से संबंधित मुद्दों की भी विभाग द्वारा समीक्षा की गई।

4. विभाग ने दिनांक 16 जुलाई, 2024 को विश्व बैंक, एनआरएए और उसके कंसोर्टियम पार्टनर तथा ओडिशा और कर्नाटक राज्यों के साथ रिवार्ड योजना पर समीक्षा बैठक की।

5. विभाग ने दिनांक 15 जुलाई, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित हिमालयी राज्य क्षेत्रीय परिषद की वार्षिक बैठक में भाग लिया।